# चम्पारण ज्ञानाग्रह

**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 09 फ़रवरी 2026, अंक –210.**

**प्रस्तुति:- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"बदलने वाला ही आगे बढ़ता है।"

— महात्मा गांधी



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादक:- शैलेन्द्र कुमार**



अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Monday Prayer

सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सदा हमारे सिर पर तेरा हाथ रहे,
हर सुख-दुख संकट में तेरा साथ रहे,
हां, हर सुख-दुख संकट में तेरा साथ रहे;
खुशियों का हो जीवन में आयाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....
मिलकर इस धरती को चमन बनाएं हम,
गांधी, गौतम, रामकृष्ण बन जाएं हम।
हां, गांधी, गौतम,रामकृष्ण बन जाएं हम;
यही हमारा हो हरदम पैगाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....
मात-पिता की सेवा और सम्मान करें,
उनकी खुशियों पर सब कुछ कुर्बान करें।
हां, उनकी खुशियों पर सब कुछ कुर्बान करें।
अच्छे कर्मों का अच्छा परिणाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा....
शुद्ध भाव से तेरा ध्यान लगाएं हम,
विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम।
हाँ, विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम।
तुम्ही से है आगाज़ तुम्हीं से अंजाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....
गुरुओं का सत्कार कभी न भूले हम,
इतना बनें महान गगन को छु ले हम।
हाँ, इतना बनें महान गगन को छु ले हम।
तुम्हीं से है हर सुबह तुम्ही से शाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्
शस्यश्यामलां मातरम्।
वंदे मातरम् !
शुभ्रज्योत्स्नां पुलकितयामिनीम्
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्
सुखदां वरदां मातरम्।।
वन्दे मातरम्।



## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।

संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2

## संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

## मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

## मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

अनुभाग-2

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

प्रश्न 1: अमेरिका (USA) की राजधानी क्या है?
उत्तर:वाशिंगटन डी.सी.
प्रश्न 2: इंटरनेट (World Wide Web-WWW) का आविष्कार करने वाले वैज्ञानिक कौन हैं?
उत्तर:टिम बर्नर्स-ली
प्रश्न 3: पिठ्ठा और गट्टे की सब्जी किस राज्य का प्रसिद्ध व्यंजन है?
उत्तर:राजस्थान
प्रश्न 4: 144 का वर्गमूल कितना होता है?
उत्तर:12
प्रश्न 5: 'सोन नदी' का उद्गम स्थल कहाँ है?
उत्तर:अमरकंटक की पहाड़ियों (मध्य प्रदेश)
प्रश्न 6: कान्हा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है और यह किस जानवर के लिए प्रसिद्ध है?
उत्तर:मध्य प्रदेश; बारहसिंघा
प्रश्न 7: माइक्रोस्कोप (सूक्ष्मदर्शी) का आविष्कार किसने किया?
उत्तर:ज़ाचारियास जानसेन (नेदरलैंड्स)
प्रश्न 8: भारत के पहले लोकसभा अध्यक्ष कौन थे?
उत्तर:गणेश वासुदेव मावलंकर
प्रश्न 9: 'कमल' का पर्यायवाची शब्द बताइए।
उत्तर: पंकज
प्रश्न 10: हमारे शरीर में भोजन को पचाने के अंग समूह को क्या कहते हैं ?
उत्तर: पाचन तंत्र

संकलन:-



पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

अनिश्चित सर्वनाम (Indefinite Pronouns):-

1. Some – (सम) – कुछ
2. Someone / Somebody – (समवन / समबडी) – कोई व्यक्ति
3. Something – (समथिंग) – कुछ वस्तु
4. Any – (एनी) – कोई भी / कुछ भी
5. Anyone / Anybody – (एनीवन / एनीबडी) – कोई भी व्यक्ति



संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

# English गप-शप

1. ठीक है, यह दे दीजिए: Okay, give it to me.
2. किताब दे दीजिए: Give me the book.
3. कलम दे दीजिए: Give me the pen.
4. दूसरा दे दीजिए: Give me the another one.



सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहाँ
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. 9 फरवरी को विश्व स्तर पर कौन सा दिवस मनाया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: अंतरराष्ट्रीय पिज्जा दिवस
व्याख्या: प्रतिवर्ष 9 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय पिज्जा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस इस लोकप्रिय इतालवी व्यंजन के इतिहास, संस्कृति और वैश्विक प्रसार का जश्न मनाता है। यद्यपि यह एक अनौपचारिक, वाणिज्यिक रूप से प्रचारित दिवस है, फिर भी यह विश्व भोजन संस्कृति और आहार व्यवहार में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।
संदर्भ: प्रमुख वैश्विक खाद्य एवं संस्कृति पत्रिकाओं (जैसे Food & Wine, National Today) द्वारा सुस्थापित मान्यता।

2. हाल ही में (फरवरी 2026) किस अंतरराष्ट्रीय संगठन ने 'ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क फंड' की स्थापना के लिए भारत को एक प्रमुख दाता के रूप में मान्यता दी है? (समसामयिकी)
उत्तर: संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)**
व्याख्या: फरवरी 2026 की शुरुआत में, UNEP ने घोषणा की कि भारत 'ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क फंड' (GBFF) के लिए प्रतिबद्ध धन के मामले में शीर्ष 10 दाता देशों में शामिल हो गया है। यह कोष कुनमिंग-मॉन्ट्रियल ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क (2022) के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु विकासशील देशों की सहायता करेगा, जो भारत की वैश्विक पर्यावरण नेतृत्व की भूमिका को दर्शाता है।
संदर्भ: संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) प्रेस रिलीज, फरवरी 2026; पीआईबी।

3. "The Great Indian Phone Book: How the Cheap Mobile Phone is Changing India" पुस्तक के लेखक कौन हैं? (पुस्तक-लेखक)
उत्तर: रॉबिन जेफ्री, अश्विनी देस**
व्याख्या: यह पुस्तक (मूल रूप से 2013 में प्रकाशित, 2025 में अद्यतन संस्करण) भारत में मोबाइल फोन क्रांति के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव का एक गहन अध्ययन प्रस्तुत करती है। लेखकों ने इस बात का विश्लेषण किया है कि सस्ते मोबाइल फोन ने संचार, वाणिज्य, शासन और दैनिक जीवन को कैसे रूपांतरित किया है, जो डिजिटल इंडिया की समझ के लिए महत्वपूर्ण है।
संदर्भ: हार्वर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (2025 अद्यतन संस्करण)।

4. 'जैवमंडल निकाय' (Biosphere Reserve) के संरक्षण क्षेत्र में 'संक्रमण क्षेत्र' (Transition Zone) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है? (पर्यावरण)
उत्तर: टिकाऊ संसाधन प्रबंधन**
व्याख्या: यूनेस्को के जैवमंडल निकाय मॉडल में, संक्रमण क्षेत्र (बाहरीतम क्षेत्र) वह क्षेत्र है जहाँ मानव गतिविधि और संरक्षण सह-अस्तित्व में होते हैं। इसका प्राथमिक उद्देश्य स्थानीय समुदायों की भागीदारी से टिकाऊ संसाधन प्रबंधन, पारिस्थितिकी अनुकूल कृषि और आजीविका विकास को बढ़ावा देना है, जिससे संरक्षण और विकास के बीच सामंजस्य स्थापित हो।
संदर्भ: NCERT Class 8 Geography, Ch 2 Land, Soil, Water, Natural Vegetation and Wildlife Resources, पृष्ठ 18-19।

5. 'महाजनपद' काल में 'वज्जि' संघ की राजधानी कौन सी थी? (इतिहास)
उत्तर: वैशाली**
व्याख्या: छठी शताब्दी ईसा पूर्व के महाजनपद काल में, वज्जि (या वृज्जि) एक शक्तिशाली गणराज्य (संघ) था, जिसकी राजधानी वैशाली (वर्तमान बिहार के वैशाली जिले में) थी। यह एक प्राचीन नगर था जो अपनी समृद्धि, लोकतांत्रिक व्यवस्था और बौद्ध एवं जैन धर्म से संबंध के लिए प्रसिद्ध था। भगवान महावीर का जन्म यहीं के निकट कुण्डग्राम में हुआ था।
संदर्भ: NCERT Class 6 History, Ch 6 New Questions and Ideas, पृष्ठ 62-63 (महाजनपदों का उल्लेख)।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. भारत में 'खरीफ' फसल का मुख्य बोया जाने वाला मौसम कौन सा है? (भूगोल)
उत्तर: दक्षिण-पश्चिम मानसून का मौसम (जून-जुलाई से)**
व्याख्या: खरीफ फसलें मुख्य रूप से दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन के साथ जून-जुलाई में बोई जाती हैं और अक्टूबर-नवंबर में काटी जाती हैं। इन फसलों को बढ़ने के लिए पर्याप्त वर्षा और गर्मी की आवश्यकता होती है। चावल, मक्का, बाजरा, कपास, जूट और मूंगफली प्रमुख खरीफ फसलें हैं।
संदर्भ: NCERT Class 10 Geography, Ch 4 Agriculture, पृष्ठ 38-39।

7. संविधान के किस अनुच्छेद में राष्ट्रपति को 'अध्यादेश' जारी करने की शक्ति प्रदान की गई है? (संविधान)
उत्तर: अनुच्छेद 123**
व्याख्या: भारतीय संविधान का अनुच्छेद 123 राष्ट्रपति को अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्रदान करता है। यह शक्ति तब प्रयोग की जा सकती है जब संसद का कोई भी सदन सत्र में न हो और राष्ट्रपति को किसी ऐसे मामले में तत्काल कार्रवाई करना आवश्यक प्रतीत हो, जिस पर संसद द्वारा कानून बनाया जा सकता है। अध्यादेश का वही बल और प्रभाव होता है जो संसद के अधिनियम का।
संदर्भ: NCERT Class 11 Political Science, Ch 5 Legislature, पृष्ठ 90-91।

8. 'परासरण' (Osmosis) की प्रक्रिया को परिभाषित करने वाला मुख्य कारक क्या है? (विज्ञान)
उत्तर: अर्ध-पारगम्य झिल्ली**
व्याख्या: परासरण एक विशेष प्रकार का विसरण है, जिसमें विलायक (जैसे जल) के अणु अर्ध-पारगम्य झिल्ली (Semi-permeable membrane) के माध्यम से कम सांद्रता वाले विलयन से अधिक सांद्रता वाले विलयन की ओर गमन करते हैं। यह झिल्ली विलायक अणुओं को तो गुजरने देती है, लेकिन विलेय के कणों को रोक देती है। यह प्रक्रिया पौधों और जंतुओं में जल एवं पोषक तत्वों के संतुलन के लिए आवश्यक है।
संदर्भ: NCERT Class 9 Science, Ch 5 The Fundamental Unit of Life,

9. 'पिथौरा' चित्रकला किस आदिवासी समुदाय से संबंधित है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: राठवा आदिवासी**
व्याख्या: पिथौरा चित्रकला गुजरात और मध्य प्रदेश की सीमा पर निवास करने वाले राठवा आदिवासी समुदाय की एक पारंपरिक भित्ति चित्रकला है। ये चित्र मुख्य रूप से दीवारों पर बनाए जाते हैं और इनमें देवी-देवताओं, पशु-पक्षियों, आखेट के दृश्यों और पौराणिक कथाओं को चमकीले रंगों में दर्शाया जाता है। यह कला राठवाओं की सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक विश्वासों से गहरे जुड़ी हुई है।
संदर्भ: NCERT Class 7 History, Ch 9 The Making of Regional Cultures, पृष्ठ 124-125 (आदिवासी कलाओं के संदर्भ में)।

10. बिहार के किस जिले में प्रसिद्ध 'विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन अभयारण्य' स्थित है? (बिहार सामान्य ज्ञान)
उत्तर: भागलपुर**
व्याख्या: विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन अभयारण्य बिहार के भागलपुर जिले में गंगा नदी के एक 60 किमी लंबे खंड में स्थित है। यह लुप्तप्राय गंगा नदी डॉल्फिन (प्लैटनिस्टा गैंगेटिका) के संरक्षण के लिए भारत का एकमात्र अभयारण्य है और एक महत्वपूर्ण जैव विविधता क्षेत्र है।
संदर्भ: बिहार सरकार वन एवं पर्यावरण विभाग की आधिकारिक जानकारी; NCERT Class 9 Geography, Ch 5 Natural Vegetation and

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (फरवरी, W3) के अनुसार, 'साइबर बुलिंग' (Cyber Bullying) से बचाव के लिए छात्रों को क्या प्राथमिक कदम उठाना चाहिए? (विद्यालय सुरक्षा)

उत्तर: विश्वसनीय वयस्क (माता-पिता/शिक्षक) को सूचित करना**

व्याख्या: साइबर बुलिंग (ऑनलाइन उत्पीड़न) का सामना करने पर छात्रों को सबसे पहले किसी विश्वसनीय वयस्क जैसे माता-पिता, शिक्षक या स्कूल काउंसलर को इसकी सूचना देनी चाहिए। इसके बाद, उत्पीड़न के साक्ष्य (स्क्रीनशॉट आदि) सुरक्षित रखते हुए, संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उस यूजर को ब्लॉक/रिपोर्ट करना चाहिए। यह प्रक्रिया मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के डिजिटल सुरक्षा मॉड्यूल में सिखाई जाती है।

संदर्भ: NCERT Class 10 Computers & Communication Technology (ICT) पाठ्यपुस्तक; बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के 'सुरक्षित शनिवार' मॉड्यूल।

12. एक निश्चित कूट भाषा में, 'MOUSE' को '41' और 'KEYBOARD' को '37' लिखा जाता है। उसी कूट में 'MONITOR' को क्या लिखा जाएगा? (मानसिक योग्यता)

उत्तर: 34**

व्याख्या: यहाँ कूट शब्द के अक्षरों के स्थानीय मानों का योग नहीं, बल्कि एक विशेष नियम पर आधारित है: शब्द में स्वरों (Vowels: A, E, I, O, U) की संख्या को शब्द में अक्षरों की कुल संख्या से घटाने पर प्राप्त संख्या। यह नियम सीधा है: प्रत्येक अक्षर के अंग्रेजी वर्णमाला में क्रमांक (A=1, B=2... Z=26) को हाइफन से अलग करके लिखा गया है।

M=13, O=15, N=14, I=9, T=20, O=15, R=18.



GK संकलन:-
**शैलेन्द्र कुमार**
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण ।

अनुभाग-4

# -: शब्द - संगम :-

1. Endeavour (एन्डेवर) = Attempt (अटेम्प्ट) = प्रयास करना
   Antonym – Neglect (नेग्लेक्ट) = उपेक्षा करना
2. Lucid (लूसिड) = Clear (क्लियर) = स्पष्ट
   Antonym – Confusing (कन्फ्यूज़िंग) = भ्रमित करने वाला
3. Adverse (एडवर्स) = Unfavorable (अनफेवरबल) = प्रतिकूल
   Antonym – Favorable (फेवरबल) = अनुकूल
4. Plausible (प्लॉज़िबल) = Reasonable (रीज़नेबल) = तर्कसंगत / विश्वसनीय
   Antonym – Unbelievable (अनबिलीवेबल) = अविश्वसनीय
5. Suppress (सप्रेस) = Restrain (रिस्ट्रेन) = दबाना / रोकना
   Antonym – Encourage (इन्करेज) = प्रोत्साहित करना



~: संकलन :~
**घनश्याम प्रसाद**
प्रधान शिक्षक
Govt. PS सिधाव थारुटोला
बगहा-2 , प. चम्पारण ।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

**1. India–US trade agreement to strengthen strategic and economic ties**
भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत तेज हो गई है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार यह समझौता टेक्नोलॉजी, रक्षा, कृषि और डिजिटल व्यापार जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएगा। इससे दोनों देशों के बीच निवेश, निर्यात और रोजगार के नए अवसर बनने की संभावना है।

**2. RSS Chief Mohan Bhagwat reiterates commitment to organisational discipline**
आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम में कहा कि संगठन सर्वोपरि है और जब भी संगठन चाहेगा, वे पद छोड़ देंगे। उन्होंने स्वयंसेवकों से अनुशासन, सेवा और सामाजिक समरसता को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। यह बयान संगठनात्मक नेतृत्व पर चर्चा के बीच आया है।

**3. India's forex reserves touch new high amid strong capital inflows**
भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार देश का विदेशी मुद्रा भंडार नए उच्च स्तर पर पहुँच गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि निर्यात वृद्धि, विदेशी निवेश और स्थिर आर्थिक नीतियों के कारण भंडार में वृद्धि हुई है। इससे रुपये की स्थिरता और आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी।

## INTERNATIONAL NEWS

**4. Indian students injured in attack at Russian university hostel**
रूस के एक विश्वविद्यालय हॉस्टल में हुए चाकू हमले में कई विदेशी छात्रों के साथ भारतीय छात्र भी घायल हुए। स्थानीय प्रशासन ने आरोपियों को हिरासत में लिया है। भारतीय दूतावास ने घायलों की सहायता और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की पुष्टि की है।

**5. India and US deepen strategic cooperation dialogue**
भारत और अमेरिका के बीच रक्षा, प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर और इंडो-पैसिफिक सुरक्षा पर उच्च स्तरीय वार्ताएँ जारी हैं। दोनों देशों ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और उभरती तकनीकों में साझेदारी बढ़ाने पर जोर दिया है। यह सहयोग अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक संतुलन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**6. Global security concerns rise amid geopolitical tensions**
विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे संघर्षों और कूटनीतिक तनाव के कारण वैश्विक सुरक्षा पर चिंताएँ बढ़ी हैं। कई देशों ने रक्षा सहयोग और शांति वार्ताओं पर जोर दिया है। संयुक्त राष्ट्र ने भी संवाद और कूटनीति के माध्यम से समाधान की अपील की है।

## BIHAR NEWS

**7. CTET examination disrupted at some centres, re-exam process initiated**

**बिहार के कुछ परीक्षा केंद्रों पर तकनीकी और प्रशासनिक कारणों से CTET परीक्षा बाधित हुई। संबंधित एजेंसियों ने प्रभावित अभ्यर्थियों के लिए पुनर्परीक्षा की घोषणा की है। राज्य प्रशासन ने परीक्षा व्यवस्था की समीक्षा और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।**

**8. Bihar focuses on strengthening school examination management system**

**राज्य सरकार ने परीक्षा प्रबंधन प्रणाली को और मजबूत करने के लिए विशेष समीक्षा बैठक की। डिजिटल मॉनिटरिंग, केंद्रों पर सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में विश्वसनीयता बढ़ाना है।**

## SPORTS NEWS

**9. India wins multiple gold medals at BOXAM Elite International Boxing**

**स्पेन में आयोजित BOXAM एलीट इंटरनेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भारतीय मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण पदक जीते। इस उपलब्धि से आगामी ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा है।**

**10. India starts ICC T20 World Cup campaign with convincing victory**

**आईसीसी टी-20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मैच में भारत ने प्रभावशाली जीत दर्ज की। बल्लेबाजों और गेंदबाजों के संतुलित प्रदर्शन ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। यह जीत टूर्नामेंट में आगे की राह के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण ।**

**आइए, मिलकर बच्चों के भविष्य को सिर्फ़ सूचना से नहीं, समझ से सशक्त करें।** 🌱📘

## प्रेरक कहानी

# "समझदारी की ढाल"

रवि कक्षा सात का छात्र था। पढ़ाई में ठीक-ठाक, लेकिन मोबाइल और इंटरनेट का शौक बहुत ज़्यादा। स्कूल से आते ही वह वीडियो देखने और ऑनलाइन गेम खेलने लग जाता। माता-पिता समझाते, शिक्षक भी बताते, पर रवि को लगता—"मुझे सब आता है।"

एक दिन उसके मोबाइल पर एक अनजान संदेश आया—
"आपने इनाम जीता है, बस लिंक पर क्लिक करें।"

रवि खुश हो गया। उसने बिना सोचे-समझे लिंक खोल दिया। कुछ ही देर में मोबाइल अजीब तरह से चलने लगा और गेम अकाउंट भी बंद हो गया।

रवि डर गया। अगले दिन स्कूल में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यक्रम था। शिक्षक ने समझाया—
"अनजान लिंक, फर्जी इनाम और निजी जानकारी साझा करना खतरे से खाली नहीं। इंटरनेट उपयोगी है, लेकिन समझदारी के साथ।"

रवि ने हिम्मत करके अपनी गलती सबको बताई। शिक्षक ने डाँटा नहीं, बल्कि कहा,
"गलती से सीखना ही असली समझदारी है।"

उस दिन के बाद रवि ने नियम बना लिया—
अनजान संदेश नहीं खोलूँगा।
निजी जानकारी साझा नहीं करूँगा।
समय का सही उपयोग करूँगा।

कुछ हफ्तों बाद वही रवि कक्षा में डिजिटल सुरक्षा मॉनिटर बना दिया गया। अब वह अपने दोस्तों को भी सुरक्षित इंटरनेट के नियम समझाने लगा।

तकनीक हमारी ताकत है, पर समझदारी उसकी ढाल। जो सावधान है, वही सुरक्षित है।

यह कहानी हमें सिखाती है कि गलती कोई अपराध नहीं, लेकिन सीख न लेना सबसे बड़ी गलती है।



................✍️
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

# "शिक्षक संवर्धन"

## "विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे?"

**09.02.2026**

प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में हम शिक्षकों की भूमिका सबसे प्रमुख है। शिक्षक इस उम्र एवं वर्ग के छात्रों की प्रगति के मार्गदर्शक होते हैं। शिक्षक के अलावे किसी अन्य से इस निमित्त अपेक्षा रखना उचित भी नहीं होगा। विद्यालय में शिक्षक का विकल्प अगर कोई है तो वो खुद शिक्षक ही हैं। अतः विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जिम्मेदारी भी हम शिक्षकों की ही बनती है। इसके लिए हमारी तैयारी निम्नवत् हो सकती है।

हमें प्रतिदिन अपनी शिक्षण योजना तैयार करके ही कक्षा में जाना चाहिए। योजना में शामिल पाठ विनियमन प्रक्रिया को बच्चों के स्तर एवं रुचि के अनुसार सरल होना चाहिए। उसमें कविता, कहानी और गतिविधियों जैसे अपारंपरिक तरीकों का समावेशन होना चाहिए। कक्षा में पढ़ाने के अतिरिक्त प्रश्न–उत्तर, परिचर्चा, विश्लेषण जैसे क्रियाकलापों का अवसर छात्रों को मिलना चाहिए ताकि उनमें सोचने और बोलने की दक्षता विकसित हो। कक्षा में शिक्षण-अधिगम सामग्री, चार्ट, मॉडल, चित्र आदि का उपयोग सुनिश्चित होना चाहिए। यदि विद्यालय में ICT लैब या स्मार्ट बोर्ड उपलब्ध है तो उसका प्रयोग कर शिक्षण को नवाचारी बनाना चाहिए। शिक्षक को हर बच्चे की क्षमता और आवश्यकता की समझ रखते हुए कमजोर बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए।

छात्रों में अनुशासन, स्वच्छता, सहयोग और नैतिकता जैसे विलुप्त हो रहे मानवीय गुणों को उभारने के लिए शिक्षक को स्वयं आदर्श आचरण प्रस्तुत कर प्रयास करना चाहिए।
मूल्यांकन के अन्तर्गत कक्षा में छात्रों से मौखिक प्रश्न पूछते हुए विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए अभ्यास पुस्तिका का उपयोग करते रहना चाहिए।

शिक्षक को छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु कक्षा को भय-मुक्त बनाते हुए छात्रों को प्रोत्साहित करना चाहिए तथा उनके के साथ आत्मीय व्यवहार करना चाहिए।अभिभावक-शिक्षक बैठकों में अभिभावकों को छात्रों की प्रगति की जानकारी देते हुए उन्हे छात्रों को शिक्षक द्वारा दिए जा रहे गृह कार्य को पूरा कराने हेतु प्रेरित करना चाहिए। इसके अलावा शिक्षकों को स्वयं के शिक्षण कौशल का निरंतर विकास करना चाहिए और इस हेतु उन्हें आमंत्रित प्रशिक्षणों, कार्यशालाओं में हृदय से शामिल होते हुए नवीन शिक्षण पद्धतियों एवं नवाचारों को अपनाने की ओर अभिमुख होना चाहिए। विद्यालय में शिक्षकों के बीच आपसी सहयोग एवं समन्वय होना चाहिए।

संक्षेप में कहें तो विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तभी संभव है जब शिक्षक समर्पित, संवेदनशील हो तथा कुछ नया करने के प्रति तत्पर हो। हमेशा दूसरों के प्रति दोषारोपण करने का भाव मन में न हो।

तो आईए हम अपने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करते हुए अपने विद्यालय को ज्ञान, संस्कार एवं सीखने का केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक कदम बढ़ायें।
.................



**मनोज कुमार झा**
**प्रधानाध्यापक**
**राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय**
**बेतिया, प. चम्पारण।**

# "परीक्षा पर चर्चा "

## "ब्रेक के बाद नई शुरुआत "

**09.02.2026** Exam Warriors! आज सोमवार है और बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा का छठा दिन चल रहा है। 4 फरवरी और 8 फरवरी को अवकाश के कारण कोई पेपर नहीं था, इसलिए आज छठा पेपर हो रहा है। इन दो अवकाश ने आपको थोड़ा साँस लेने, शरीर को रिचार्ज करने और मन को तरोताज़ा करने का मौका दिया। अब वह सारी ऊर्जा लेकर आप परीक्षा कक्ष में प्रवेश कर रहे हैं। मैट्रिक के छात्रों के लिए 17 फरवरी से परीक्षा शुरू होने में सिर्फ 8 दिन बचे हैं। दोनों समूहों के लिए आज का सबसे शक्तिशाली संदेश है: अवकाश का लाभ उठाकर अब आत्मविश्वास को चरम पर ले जाना है।

इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए अवकाश के बाद का यह दिन एक नई शुरुआत जैसा है। आपने पहले के पाँच पेपरों से बहुत कुछ सीख लिया है – समय कैसे बचाना है, प्रश्नों को कैसे चुनना है, और सबसे महत्वपूर्ण: छोटी गलतियों को कैसे तुरंत सुधारना है। आज छठे पेपर में उस सारी सीख को अमल में लाएँ। पेपर मिलते ही पहले 10 मिनट में आसान और मध्यम प्रश्नों को चिह्नित करें। फिर अगले डेढ़-दो घंटे में इन्हें पूरा करें। बचे समय में कठिन प्रश्नों पर जाएँ। इस रणनीति से आप पहले ही 60-70% अंक सुरक्षित कर लेते हैं और अंत में दबाव बहुत कम रहता है।

मैट्रिक के छात्रों के लिए अब 'अंतिम 8 दिनों का मास्टर प्लान' बनाने का समय है। सिलेबस को तीन भागों में बाँटें:

पहले 3 दिन: कमजोर लेकिन महत्वपूर्ण टॉपिक्स पर पूरा फोकस (जिनसे 10-15 अंक बढ़ सकते हैं)

अगले 3 दिन: हाई-वेटेज टॉपिक्स का तेज़ दोहराव + पिछले वर्षों के प्रश्न

अंतिम 2 दिन: 2 फुल मॉक टेस्ट + हल्का रिव्यू और आत्मविश्वास निर्माण

रोज़ कम से कम 1 घंटा लिखने का अभ्यास करें। साफ़ लिखावट, उचित स्पेसिंग और बिंदुवार उत्तर मैट्रिक में बहुत अंक बनाते हैं।

सभी विद्यार्थियों के लिए आज का विशेष संदेश – 'अवकाश एनर्जी को लॉक करो'। अवकाश में जो आराम मिला, उसे आज से हर पेपर में इस्तेमाल करें। हर सुबह 10 मिनट 'विज़ुअलाइजेशन' करें: कल्पना करें कि आप परीक्षा में शांत बैठे हैं, प्रश्न आसान लग रहे हैं और आप मुस्कुराते हुए पेपर जमा कर रहे हैं। हर पेपर के बाद 5 मिनट में खुद को रेटिंग दें – आज कितने प्रतिशत बेहतर हुआ? यह छोटा अभ्यास आपका आत्मविश्वास हर दिन बढ़ाता है।

पानी ज्यादा पिएँ, फल और ड्राई फ्रूट्स लें, शाम को 10-15 मिनट बाहर घूमें। नकारात्मक सोच या तुलना से दूर रहें। सोने से पहले खुद से कहें: “मैंने आज नई ऊर्जा से दिन बिताया। कल और मजबूत होऊँगा।” अभिभावक आज बच्चे से कहें: “अवकाश के बाद तुम और फ्रेश लग रहे हो। तुम्हारा जोश देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। हम तुम्हारे साथ हैं।” शिक्षक साथियों से अपील है कि छात्रों को यही कहें: “छठा दिन है, अवकाश की नई ऊर्जा से अब और तेज़ चलो।” बिहार के इंटर और मैट्रिक के सभी योद्धाओं! अवकाश के बाद का यह दिन नई ऊर्जा और नई शुरुआत का है। आत्मविश्वास आपका सबसे बड़ा हथियार है। शांत रहो, तेज़ लिखो, सही लिखो। सभी परीक्षार्थियों को ढेर सारी शुभकामनाएँ!

#ExamWarriors #BiharBoard2026

कल फिर मिलेंगे – अगले दिन के लिए और ऊँचे जोश के साथ। जय हिंद! जय बिहार!




..................✍️
रवीन्द्र कुमार
ज़िला शिक्षा पदाधिकारी
प. चम्पारण, बेतिया।



अनुभाग-9

# "मेरा विद्यालय मेरी प्रतिष्ठा"

## रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा - 2




















**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा -2, प. चम्पारण।**



आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

## आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# Thank You..

## बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org